Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 05 अक्तूबर, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-october-2021

विश्व पर्यावास दिवस

04 अक्तूबर, 2021 को विश्व भर में 'विश्व पर्यावास दिवस' का आयोजन किया गया। यह दिवस मुख्य तौर पर मानव बस्तियों की स्थिति और पर्याप्त पर्यावास के मानवीय अधिकार पर ध्यान केंद्रित करता है। इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर के सभी नागरिकों को शहरों और कस्बों के भविष्य को आकार देने की दिशा में उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। गौरतलब है कि वर्ष 1985 में संयुक्त राष्ट्र ने प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के पहले सोमवार को विश्व पर्यावास दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहली बार 'विश्व पर्यावास दिवस' वर्ष 1986 में मनाया गया था, जिसकी थीम 'शेल्टर इज़ माइ राइट' रखी गई थी। ध्यातव्य है कि प्रत्येक वर्ष विश्व के अलग-अलग शहरों द्वारा इसकी मेज़बानी की जाती है और पहले विश्व पर्यावास दिवस की मेज़बानी केन्या की राजधानी नैरोबी द्वारा की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों की मानें तो लगभग 1.8 बिलियन लोग पहले से ही झुग्गी बस्तियों और अनौपचारिक बस्तियों, अपर्याप्त आवास या दुनिया भर के शहरों में बेघर हैं। इस वर्ष 'विश्व पर्यावास दिवस' की थीम कार्बन मुक्त विश्व के निर्माण हेतु शहरी कार्रवाई में तीव्रता लाने पर केंद्रित है। ज्ञात हो कि परिवहन, भवन, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन लेखांकन आदि गतिविधियाँ शहरी क्षेत्रों में वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लगभग 70 प्रतिशत हेतु उत्तरदायी हैं।

फुमियो किशिदा

जापान की संसद ने पूर्व विदेश मंत्री 'फुमियो किशिदा' को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर चुना है। वे जापान के 100वें प्रधानमंत्री होंगे। वे प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा का स्थान लेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों पूर्व प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। 64 वर्षीय फुमियो किशिदा एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता और दादा दोनों जापान की प्रतिनिधि सभा के सदस्य थे। वह वर्ष 2012 से वर्ष 2017 के बीच विदेश मंत्री के पद पर रहे। फुमियो किशिदा, मूलतः हिरोशिमा से संबंधित हैं और अपने गृह नगर पर परमाणु हथियारों के प्रभाव को देखते हुए इनके उपयोग का कड़ा विरोध करते हैं। ज्ञात हो कि जापान में एक बहुदलीय, द्विसदनीय और प्रतिनिधि लोकतांत्रिक संवैधानिक राजतंत्र है। जापान ने संविधान की सर्वोच्चता के साथ एकात्मक मॉडल को अपनाया है। जापान की शासन प्रणाली में भी विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका शामिल हैं। जापान का सम्राट राज्य का प्रमुख होता है और प्रधानमंत्री, सरकार एवं मंत्रिमंडल का प्रमुख होता है। सम्राट के पास नाममात्र के औपचारिक अधिकार होते हैं।

विश्व पशु दिवस

प्रतिवर्ष दुनिया भर में 4 अक्तूबर को 'विश्व पशु दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य दुनिया भर में जानवरों की स्थिति में सुधार लाना और उसे बेहतर बनाना है। पशु कल्याण आंदोलन को एकजुट करने के लिये लोगों को जागरूक करना भी इस दिवस का एक लक्ष्य है। यह दिवस पृथ्वी को जानवरों के लिये एक बेहतर स्थान

बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। विश्व पशु दिवस मनाने की शुरुआत स्त्री रोग विशेषज्ञ 'हेनरिक ज़िमरमन' (Heinrich Zimmermann) ने की थी। उन्होंने 24 मार्च, 1925 को बर्लिन, जर्मनी के स्पोर्ट्स पैलेस में पहला विश्व पशु दिवस आयोजित किया था। ध्यातव्य है कि देश में पशु संरक्षण को बढ़ावा देने और पशुओं के प्रति क्रूरता को समाप्त करने हेतु 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960' को लागू किया गया है। इस अधिनियम का लक्ष्य 'अनावश्यक सज़ा या जानवरों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति' को रोकना है। अधिनियम में क्रूरता और जानवरों का उत्पीड़न करने पर सज़ा का प्रावधान भी है। साथ ही यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न प्रकारों को परिभाषित करता है।

'मित्र शक्ति' अभ्यास

भारत और श्रीलंका ने हाल ही में श्रीलंका के पूर्वी ज़िले 'अम्पारा' में स्थित कॉम्बैट ट्रेनिंग स्कूल में आतंकवाद-विरोधी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय मेगा सैन्य अभ्यास शुरू किया है। 04 से 15 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले 'मित्र शक्ति' अभ्यास के आठवें संस्करण में भारतीय सेना के 120 जवान शामिल हैं। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, अंतर-संचालन कौशल, संयुक्त सामरिक संचालन और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं तथा अनुभवों को साझा करने की दृष्टि से डिज़ाइन किया गया है। इस वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिससे दोनों देशों की सेवाओं के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मज़बूत करने में मदद मिलती है, को प्रतिवर्ष भारत या श्रीलंका में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है। मित्र शक्ति अभ्यास का सातवाँ संस्करण वर्ष 2019 में पुणे में आयोजित किया गया था।